RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 03 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 222 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# हज उमराह टूर वीजा दिलाने के नाम पर 26 लाख का गबन !

## माहिम पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**फर्जी ट्रेवल्स एजेंट के खिलाफ मामला**

**मुंबई : चीटिंग की कई कहानियां आपने सुनी होगी पर चीटर तो चीटर होते हैं नई स्कीम नई कहानियां सामने न आये तो चीटर कैसा??? ऐसी ही चीटिंग की एक नई कहानी सामने आयी है माहिम पुलिस ठाणे मे, जहां आम लोगों से धोखा धडी करने के लिए और लोगों को भरोसे मे लेने के लिए माहिम के प्रसिद्ध सूफी संत मखडम शाह बाबा के नाम का इस्तेमाल किया गया और मुम्बई मे बैठकर बंगलौर के भोले भाले लोगों का 26 लाख रुपए रफु चककर कर दिया गया.!**





ध्यान हो कि मुस्लिम समुदाय में उमरा हज और जियारत करने के लिए लोग खून पसीने की कमाई लगा देते हैं और फिर जियारत के लिए जाते हैं, बंगलोर के ऐसे ही भोले भाले जायरीन के एक ग्रुप का बंगलोर के एक लोकल एजेंट ने पैसा इकट्ठा कर मखडम टुर्स एंड ट्रवेल्स के हवाले कर दिया .

माहिम ठाणे मे हुई एफ आई आर के अनुसार आरोपी आमिर पेटिवाला मखडम टुर्स एंड ट्रेवल्स के नाम से ट्रेवल एजेंसी चलाता है, लोगों को विश्वास मे लेने और अपने आप को शराफत का जामा पहनाने के लिए आरोपी अपने आपको मखडम शाह ट्रस्ट का ट्रस्ती भी बताता था ' उसपर विश्वास कर बंगलोर के एक लोकल एजेंट ने काफी लोगों को बाहर भेजनें के लिए लोगों से पैसा वसूलकर कुल 26 लाख रुपए आमिर पेटिवाला के हवाले कर दिया काफी दिनों तक काम ना होने के बाद जब बंगलोर के एजेंट ने लोगो के वीजे के लिए दबाव बनाया तो पेटिवाला के पास काम करने वाले सादिक बाम्बोट ने बैठकर मामला रफा दफा करने का दबाव बनाया . बंगलोर के एजेंट के अनुसार दो दिन पहले हुई बैठक मे साजिद ने बोला की 10 लाख ले कर मामला खत्म कर दो इस पर जब बंगलोर एजेंट ने कहा कि हमने 26 लाख तो बैंक के माध्यम से दिया है बाकि जो कैश दिया है, उसकी बात हम नहीं करते यह सुन साजिद बाम्बोट गाली गलौच पर उत्तर आया और उसे देख लेने कि धमकी देने लगा, मजबूर होकर बंगलोर के एजेंट ने माहिम पुलिस कि शरण ली माहिम पुलिस ने मामले मे एफ आई आर दर्ज कर साजिद बाम्बोट को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी आमिर पेटिवाला फरार हो गया. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मखदुमे टुर्स एंड ट्रेवल्स का कोई लाइसेंस नहीं है आमिर केवल महान सूफी संत के नाम का फायदा उठा कर लोगों से ठगी का धंधा चला रहा था. ' माहिम पुलिस मामले कि जाँच कर रही है.

# मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1 करोड़ से ज्यादा का ड्रग्स बरामद



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट ने माहिम और विरार इलाके से 610 ग्राम MD ड्रग्स बरामद किया है. बरामद किए गए ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बजार में 1 करोड़ 22 लाख रुपए आंकी जा रही है. पुलिस ने 3 ड्रग्स पैडलर्स के खिलाफ ठउद्धर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने 6 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है. अफसरों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने अफ्रीकन महिला ड्रग्स पैडलर्स सहित कुल 3 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि आरोपी ड्रग्स पैडलर्स मुंबई की कई जगहों पर ड्रग्स की तस्करी करते थे. अब पुलिस ये पता लगाने में जुट गई है कि आखिर ये लोग ड्रग्स कहां से लेकर आते थे और किन लोगों को सप्लाई करते थे.

**बीते दिनों खास भट्टियों में जलाई गई थी ड्रग्स**

बता दें कि मुंबई सीमा शुल्क जोन-III ने बीते दिनों 140.57 किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट किया था. नवी मुंबई के तलोजा में बने मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड की इंसीनरेशन फैसिलिटी (भट्टी) में मादक पदार्थों को जला दिया गया था. जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 538 करोड़ रुपए आंकी गई थी.

# गणपत पाटिल नगर में 8000 घरों को मिलेगा पीने का पानी

## बीएमसी करीब 35000 लोगों को उपलब्ध कराएगी पर्याप्त पानी, टैंकर के लिए देने पड़ते हैं 1500 रुपये

**मुंबई:** मुंबई के उत्तरी छोर पर स्थित धारावी के बाद सबसे बड़ी झोपड़पट्टी में से एक गणपत पाटील नगर में रहनेवाले लोग अब भी पानी, सड़क, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यहां के लोगों को हमेशा पानी संकट का सामना करना पड़ता है। बीएमसी प्रशासन ने सबको पानी योजना के तहत करीब 8000 घरों में पानी पहुंचाने की योजना बनाई है। इससे करीब 32000 लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। बता दें कि अब तक गणपत पाटील नगर के लोगों को टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाता था। यहां टैंकर लॉबी भी सक्रिय थी। बीएमसी ने अब मोरी कनेक्शन के तहत पानी की व्यवस्था करने जा रही है। एक प्रस्ताव मंजूरी के लिए कमिश्नर आई. एस. चहल के पास भेजा गया है। प्रशासन ने वर्ष 2017 के नियमों में संशोधन करते हुए प्राइवेट जमीन पर अघोषित झोपड़ीधारकों को जमीन मालिक से परमिशन लेकर पानी का कनेक्शन देने का फैसला किया है। इससे हजारों परिवारों को पानी संकट से निजात मिल सकेगा।

**टैंकर के लिए देने पड़ते हैं 1500 रुपये**

बता दें कि गणपत पाटील नगर के 9668 घरों में 41000 लोग रहते हैं।



वर्ष 1995 के नियम के अनुसार 38 नल कनेक्शन अधिकृत रूप से दिए गए हैं। इसके बावजूद 8000 घरों और 32000 लोगों को आज भी पानी नहीं मिल रहा। गणपत पाटील नगर में 1 से 14 गलियां हैं, जिसमें टैंकर से पानी आपूर्ति की जाती है। एक टैंकर के लिए लोगों को 1500 रुपये देने पड़ते हैं। प्रत्येक 15 लीटर पानी के लिए लोगों को 10 से 15 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बीएमसी ने वर्ष 2000 के बाद झोपड़पट्टियों में पानी आपूर्ति के लिए नई योजना बनाई थी। कई साल से गणपत पाटील नगर में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे बालासाहेबांची शिवसेना पार्टी के नेता राम यादव ने कहा कि नागरिकों का मूल अधिकार है। कोर्ट भी कह चुका है कि लोगों को पानी, शौचालय और सड़क जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। मैं वर्षों से लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। किसी न किसी तरह कोशिश कर के लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई। अब उम्मीद बंधी है कि लोगों को भरपूर मात्रा में पानी मिलेगा।

### मोरी प्रणाली की व्यवस्था...

**बीएमसी ने इस साल से सबको पानी योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत गणपत पाटील नगर में पानी आपूर्ति की जाएगी। एक मोरी पर 5 से 6 परिवारों को पानी भरने की सुविधा होगी। 1 जून 2017 को तत्कालीन नगरसेविका तेजस्वी घोसालकर ने गणपत पाटील नगर में सबको पानी उपलब्ध कराने के लिए स्थायी समिति अध्यक्ष को पत्र लिखा था। प्राइवेट जमीन पर अघोषित झोपड़पट्टी को छोड़कर पानी उपलब्ध कराने की शर्त का भी उन्होंने विरोध किया था।**

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### एक आवश्यक पहल

सड़क दुर्घटनाओं की सही रिपोर्टिंग के लिए देश के छह राज्यों में प्रयोग के रूप में जो परियोजना शुरू की जा रही है, उसे न केवल सफल बनाया जाना चाहिए, बल्कि उसे यथाशीघ्र अन्य सभी राज्यों में लागू भी किया जाना चाहिए। सड़क परिवहन मंत्रालय आइआइटी मद्रास की मदद से अधिक दुर्घटना वाले मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार और राजस्थान में जो पायलट प्रोजेक्ट का दायरा बढ़ाने जा रहा है, वह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अपने देश में न तो सड़क दुर्घटनाओं की सही तरह समय से रिपोर्टिंग होती है और न ही उनकी छानबीन। इसके चलते वैसे उपाय नहीं किए जा रहे हैं, जिनसे सड़क दुर्घटनाओं में हताहत लोगों को समय पर राहत मिल सके।

इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने का कोई तंत्र भी विकसित नहीं हो पा रहा है। एक तथ्य यह भी है कि मार्ग दुर्घटना संबंधी दावों का निस्तारण करने में भी अनावश्यक देरी होती है। इस देरी को देखते हुए ही पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को यह निर्देश दिया कि सड़क हादसों की रिपोर्ट तुरंत दर्ज करने की व्यवस्था करें। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए थाना स्तर पर विशेष इकाई का गठन करने को कहा है। पता नहीं ऐसा कब तक हो सकेगा, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि पुलिस किस तरह संख्याबल के अभाव से जूझ रही है। जो भी हो, सड़क दुर्घटनाओं की समय पर रिपोर्टिंग करने और मार्ग दुर्घटना संबंधी दावों का निस्तारण शीघ्र करने की कोई ठोस व्यवस्था बननी ही चाहिए। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पिछले कुछ समय से सड़क दुर्घटनाओं को लेकर विभिन्न स्तरों पर खूब चर्चा हो रही है, क्योंकि इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जैसे उपाय किए जाने चाहिए, वे नहीं किए जा पा रहे हैं। परिणाम यह है कि सड़क हादसों और उनमें हताहत होने वाले लोगों की संख्या पर लगाम नहीं लग पा रही है। नए वर्ष के अवसर पर ही देश में तमाम स्थानों से भीषण मार्ग दुर्घटनाओं के समाचार प्राप्त हुए। इनमें नववर्ष की पूर्व संध्या पर क्रिकेटर रिषभ पंत के साथ पेश आया हादसा भी है।

कुछ माह पहले सड़क हादसों को लेकर राष्ट्रव्यापी चिंता की लहर तब देखी गई थी, जब उद्योगपति सायरस मिस्त्री ने एक मार्ग दुर्घटना में जान गंवाई थी। इस दुर्घटना को लेकर चर्चा तो बहुत हुई और मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तमाम उपाय करने की बातें भी की गईं, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं हुआ। इसका कारण शायद यह है कि केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर जैसी पहल करनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही है। अच्छा हो कि केंद्र और राज्य सरकारें यह समझें कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं प्रति वर्ष लाखों लोगों को हताहत करने के साथ ही देश की छवि भी खराब कर रही हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र का राज्यपाल बनकर गर्व महसूस होता है, जिसके पास बेहतरीन पुलिस है : कोश्यारी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सोमवार को कहा कि वह इस राज्य का संवैधानिक प्रमुख बनकर गर्व महसूस करते हैं जिसके पास देश की बेहतरीन पुलिस है। उन्होंने इसके साथ ही सुरक्षा कर्मियों से तटीय सीमा, साइबर सुरक्षा, मादक पदार्थ तस्करी और नक्सलवाद से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की अपील की।



कोश्यारी ने यह विचार महाराष्ट्र पुलिस के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रखे। उन्होंने इस मौके पर महाराष्ट्र पुलिस द्वारा आयोजित परेड का निरीक्षण किया और मार्च करते जवानों की टुकड़ी द्वारा पेश सलामी ली। यह दिन दो जनवरी 1961 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा राज्य पुलिस ध्वज देने की याद में मनाया जाता है। महाराष्ट्र पुलिस के स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम मुंबई के गोरेगांव स्थित राज्य आरक्षित पुलिस बल मैदान में आयोजित किया गया।

इस मौके पर कोश्यारी ने कहा, '' मैं राज्य का राज्यपाल बनकर गर्व महसूस करता हूं जिसके पास देश की बेहतरीन पुलिस है।'' उन्होंने राज्य पुलिस से साइबर सुरक्षा, मादक पदार्थ, नक्सलवाद और तटीय सीमा से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने की अपील की।

राज्यपाल ने कोविड-19 महामारी के दौरान डॉक्टरों और नर्सों के साथ अग्रिम योद्धाओं के तौर पर डटे रहने के लिए पुलिस कर्मियों की प्रशंसा की। इस मौके पर महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ, मुंबई के पुलिस आयुक्त विवेक फंसाल्कर और अन्य सेवारत एवं अवकाश प्राप्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जवान और उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# भाजपा ने अजित पवार की संभाजी महाराज पर की गई टिप्पणी के खिलाफ किया प्रदर्शन




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं ने छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ राज्य की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार द्वारा की गई कथित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन शहर के रवीवर करंजा चौक पर हुआ जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पवार के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला जलाया। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह विधानसभा में पवार ने कथित तौर पर कहा था कि छत्रपति संभाजी महाराज 'धर्मवीर' नहीं थे। भाजपा ने दावा किया कि पवार की टिप्पणी संभाजी महाराज का 'अपमान' है। भाजपा विधायक देवयानी फरंदे ने प्रदर्शन के दौरान कहा, '' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का रुख हमेशा से हिंदुओं के खिलाफ रहा है। पवार लगातार विवादित बयान देते रहे हैं। उन्होंने छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ टिप्पणी की और उनका अपमान किया। उन्हें माफी मांगनी चाहिए या विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।'' इसी तरह का प्रदर्शन ओझवार शहर में हुआ जहां जुलूस निकाला गया और पवार के पुतले को गधे पर बैठाकर घुमाया गया। बालासाहेबंची शिवसेना के पदाधिकारियों ने भी भाजपा के प्रदर्शन में हिस्सा लिया। शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय पर 'जोडे मारो' प्रदर्शन का आयोजन किया और छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज और शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रशंसा में नारे लगाए। गौरतलब है कि छत्रपति संभाजी महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े बेटे थे जिन्हें वर्ष 1689 में मुगल बादशाह औरंगजेब के आदेश पर पकड़ने के बाद यातनाएं दे देकर मार डाला गया था।

# मुंबईकर डायबिटीज और हाइपरटेंशन के शिकार!



**मुंबई :** भागदौड़ भरी जीवनशैली के चलते मुंबईकर तेजी से डायबिटीज और हाइपरटेंशन के शिकार हो रहे हैं, जिसे दूर करने के लिए आज यानी दो जनवरी से 'डॉक्टर आपके द्वार' योजना शुरू की जाएगी यानी डॉक्टर घर-घर भटकेंगे। योजना के तहत दस हजार आशा वर्कर्स के साथ ही बीएमएस डॉक्टर और नर्सेस की मदद ली जाएगी। स्वास्थ्य टीम मुंबई के सदस्य घर-घर जाकर डायबिटीज और हाइपरटेंशन की जांच करेंगे। साथ ही बीमारी की पुष्टि होने पर जरूरी उपचार किया जाएगा। बता दें कि मुंबई में हुए एक सर्वे में सामने आया है कि लगातार भागदौड़ करने, समय से भोजन न करने, व्यायाम की कमी और जंक फूड के कारण लगभग ३४ प्रतिशत मुंबईकरों में हाइपरटेंशन की समस्या है।

# नवजात बेटे को अस्पताल के फर्श पर पटकने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** पत्नी के साथ झगड़े के बाद नवजात बेटे को कथित रूप से अस्पताल के फर्श पर पटकने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अजनी थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार की रात सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की है। उन्होंने बताया कि आईसीयू में भर्ती बच्चे की हालत स्थिर बतायी जा रही है।



उन्होंने बताया, ''2020 में विवाह के बाद से ही अमरावती के रहने वाले इस आरोपी को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। 30 दिसंबर को बेटे के जन्म के बाद वह जब पत्नी से मिलने आया तो उससे झगड़ा करने लगा।

गुस्से में उसने बेटे को फर्श पर पटक दिया। अधिकारी ने बताया, ''32 वर्षीय व्यक्ति को वार्ड 46 की नर्सों और अन्य ने मिलकर काबू किया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी, जिसने आरोपी को हत्या के प्रयास आदि आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।



## जिंदल हादसे के पीड़ितों को पांच-पांच लाख : मुख्यमंत्री शिंदे



**नासिक :** नासिक के इगतपुरी तालुका के मुंढेगांव शिवारा स्थित जिंदल कंपनी में आज तड़के करीब एक विस्फोट के बाद आग लग गई। आग में दो मजदूरों की मौत हो गई और 17 अन्य मजदूर झुलस गए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि इस घटना में मृतक कर्मचारियों के वारिसों को राज्य सरकार द्वारा पांच-पांच लाख की सहायता राशि दी जाएगी, जबकि घायलों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। जिंदल कंपनी में आग लगने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटनास्थल का दौरा किया और जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल जाकर घायल मजदूरों के बारे में सोचा। इस अवसर पर बंदरगाह एवं खान मंत्री तथा नासिक जिले के पालक मंत्री दादाजी भुसे भी उपस्थित थे।

# नई मुंबई मेट्रो-१ के फेज का ट्रायल, सेंट्रल पार्क से बेलापुर तक ट्रायल रन



**नई मुंबई :** नई मुंबई मेट्रो-१ के फेज का ट्रायल किया गया। सेंट्रल पार्क से बेलापुर तक ट्रायल रन महामेट्रो द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सिडको ने नई मुंबई मेट्रो-१ को दो चरणों में विभाजित किया है। पहला पेंढार से सेंट्रल पार्क और दूसरा चरण सेंट्रल पार्क से बेलापुर तक है। इसके बाद अब जल्द ही नई मुंबई वालों की सेवा में दाखिल होने की उम्मीद सिडको एमडी डॉ. संजय मुखर्जी ने व्यक्त की है।

सिडको ने नई मुंबई में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सक्षम करने के लिए चार मेट्रो लाइनों का काम शुरू किया था। पहले चरण में ११ किमी की बेलापुर से पेंढार मेट्रो लाइन का काम मई २०११ को शुरू किया गया लेकिन ठेकेदारों की ढिलाई के कारण दस साल बाद अब जाकर पहले चरण का काम पूरा हुआ है। सिडको के प्रबंध निदेशक डॉ. संजय मुखर्जी ने धीमी गति से चलने वाले इस मेट्रो कार्य को गति देने पर प्राथमिकता दी। इस प्रोजेक्ट पर दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेशन की जगह महामेट्रो को देख-रेख और असिस्टेंट इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया गया। इसके कारण खारघर से पेंढार तक के पांच किलोमीटर लंबे मार्ग के पहले चरण का काम पूरा हो पाया है। इस मार्ग को शुरू करने के लिए सुरक्षा आयुक्त की भी मंजूरी मिल चुकी है। अब सेंट्रल पार्क से बेलापुर तक काम चल रहा है। बेलापुर से पेंढर तक ११ स्टेशनों के साथ ११.१ किमी की दूरी पर है। सिडको ने किराया भी तय कर लिया है और दावा किया है कि यह एनएमएमटी की एसी बसों से कम है। सिडको एमडी डॉ. संजय मुखर्जी ने बताया कि ईआईजी से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद २५ केवी के साथ ओवरहेड विद्युत लाइन अप और डाउन मेट्रो लाइन का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया है। सिडको के एक अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल पार्क से बेलापुर तक इस दूसरे फेज का काम भी लगभग पूरा होने के कगार पर है। उम्मीद यह भी जताई जा रही है कि फेज वन के उद्घाटन में देरी हुई तो भी दूसरे फेज का काम पूरा हो सकता है।

# ठाणे में जल्द पता चलेगा किस नेता का बंगला टूटेगा? - आव्हाड



**मुंबई :** ठाणे में शिंदे गुट और भाजपा में चल रहा विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। दोनों गुटों में बढ़ रहे विवाद को लेकर राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड ने हमला बोला है। उन्होंने इशारों-इशारों में कहा कि ठाणे में जल्द पता चलेगा किस नेता का बंगला टूटेगा? बीते दिनों भाजपा और शिंदे गुट के नेताओं के बीच मारपीट हुई थी। इसे लेकर आव्हाड ने कहा कि अब आप ही समझ लीजिए कि क्या चल रहा है? दो दिन इंतजार कीजिए, पता चलेगा कि ठाणे में कब किसका बंगला तोड़ा जाएगा, किस पर मुकदमा चलेगा? यह आपको दो-चार दिन में पता चल जाएगा। जरा रुकिए... कुछ सस्पेंस रहने दीजिए...। आव्हाड ने कहा कि दो कारों से आमने-सामने फायरिंग हुई। इस मामले में सिर्फ एक व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। अन्य को छोड़ दिया गया। उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है। एक के सीने में गोली लगी। उसकी शिकायत दर्ज नहीं हुई यानी प्रशासन किसी के कहने पर ही शिकायत दर्ज कर रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि वास्तव में पुलिस व्यवस्था कौन चला रहा है? ठाणे में यह फायरिंग किन नेताओं के बीच हुई? आव्हाड ने इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। साथ ही अगले कुछ दिनों में ठाणे में किस बड़े नेता का बंगला तोड़ा जाने वाला है? इसको लेकर तर्क-वितर्क लगाए जा रहे हैं।

# नई मुंबई के पामबीच रोड पर छेड़खानी की घटना में कांस्टेबल निलंबित

## एपीआई के खिलाफ जांच शुरू...




**मुंबई :** आईआईटी मुंबई की एक छात्रा के साथ नई मुंबई के पामबीच रोड पर छेड़खानी की घटना सामने आई है। सानपाड़ा पुलिस ने छेड़खानी की शिकायत दर्ज कर कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही शिकायत दर्ज करने से इंकार करने वाले एपीआई के खिलाफ जांच भी शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार आईआईटी मुंबई की छात्रा अपने क्लासमेट के साथ नई मुंबई के पाम बीच रोड पर घूमने गई थी। उसी दौरान एक पुलिस कांस्टेबल वर्दी पहने हुए उन दोनों के पास आया और अश्लील सवाल भी करने लगा। जब लड़की और उसके क्लासमेट ने जवाब देने से इनकार किया, तब वह पुलिस कांस्टेबल छात्रा से छेड़खानी करने लगा। अफसोस की बात यह कि पुलिस स्टेशन में अधिकारी संबंधित पुलिस कांस्टेबल के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की बजाय दोनों छात्रों को डराने लगे। इसके बाद छात्रा अपने दोस्त के साथ आईआईटी कैंपस में लौट आई। यहां उन्होंने आईआईटी के डीन को इस बारे में बताया। डीन ने जोन १० के डीसीपी से संपर्क किया और उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद आईआईटी के ही पास पवई पुलिस स्टेशन में पीड़ित छात्रा की शिकायत के आधार पर जीरो एफआईआर दर्ज की गई।

## मुंबई-नासिक राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, तीन अन्य घायल...



**ठाणे :** मुंबई-नासिक राजमार्ग पर रविवार की शाम कई वाहनों की भिड़ंत में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शाहपुर के पास एक टेम्पो, एक ऑटोरिक्शा और एक दुपहिया के भिड़ंत में महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। शाहपुर थाने के अधिकारी ने बताया, ''तीनों का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनमें से एक की हालत नाजुक बतायी जा रही है।''

# डिप्रेशन में आकर सुसाइड जैसा कदम उठा सकता है शीजान!



**मुंबई :** तुनिषा शर्मा मामले में रोज कोई न कोई नया खुलासा हो रहा है। अभिनेत्री की आत्महत्या मामले में उसके एक्स बॉयफ्रेंड और को-एक्टर शीजान मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया गया है और फिलहाल वो १४ दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। शीजान पर तुनिषा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। इसी बीच शीजान के वकील ने खुलासा किया है कि डिप्रेशन में आकर जेल में शीजान सुसाइड जैसा कदम उठा सकते हैं। ऐसे में उन्होंने उनकी काउंसलिंग की मांग कोर्ट से की है।

इसके अलावा अभिनेता के वकील ने शीजान की मानसिक अवस्था पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जिस जेल में शीजान बंद है तीन दिन पहले ही उस जेल में एक ने आत्महत्या की है। इसलिए उन्होंने शीजान की काउंसलिंग विद सिक्योरिटी की मांग की है, ताकि उस पर जेल में नजर रखी जाए और उसे अकेला न छोड़ा जाए। आगे वकील ने कहा कि जिसने जीवन में पुलिस नहीं देखी। कोर्ट नहीं देखा। आज वो सवालों के घेरे में है, ऐसे में शीजान के मानसिक स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ रहा होगा आप समझ सकते हैं? बता दें कि अभिनेता के वकील ने जाहिर किया है कि शीजान भी डिप्रेशन में आकर सुसाइड कर सकते हैं।

शीजान के वकील ने मीडिया को बताया है कि उनकी कंडीशन्स को कोर्ट ने मान लिया है। इसके अलावा वकील ने अभिनेत्री तुनिषा के मामा पवन शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए। वकील का कहना है कि वह जान-बूझकर केस को उलझाने के लिए धर्म को बीच में ला रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस के पास शीजान के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है और उन्होंने प्रेशर में आकर शीजान मोहम्मद खान को अरेस्ट किया है। शीजान के वकील ने इस एफआईआर की भी कई खामियां गिनाई हैं, जहां उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने मीडिया ट्रायल के प्रेशर में आकर शीजान को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत के नए राष्ट्रपिता ने देश के लिए किया ही क्या है? - नीतिश कुमार

**मुंबई :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का बयान सामने आया है, जिसमें वे पीएम मोदी पर तंज कसते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नए राष्ट्रपिता ने देश के लिए किया ही क्या है?उन्होंने भारत के लिए कुछ काम किया है? सोशल मीडिया पर नीतिश कुमार के बयान का यह वीडियो वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने कहा कि अब राष्ट्रपिता को छोड़िए, नए राष्ट्रपिता आ गए हैं। नए भारत के नए पिता, क्या किए हैं देश के लिए?



कहां भारत आगे बढ़ा है? कौन-सा काम हुआ है? नीतिश कुमार ने कहा कि नई टेक्नोलॉजी आ गई और उस टेक्नोलॉजी का जबरदस्ती उपयोग किया जा रहा है। पहले मीडिया में पक्ष और विपक्ष की राय ढंग से लिखी जाती थी और आज वो जो कहते हैं, वही लिखा जाता है। बता दें कि कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा है कि २०२४ में राहुल गांधी विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद के दावेदार होंगे। इस पर जब नीतिश कुमार से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि 'ठीक ही है, इसमें कौन-सी बुराई है, हम लोग इंतजार कर रहे हैं? बाकी सब पार्टियों से बातचीत हो रही है।



# मुंबई सहित महाराष्ट्र में हड़ताल पर गए 7000 हजार रेजिडेंट डॉक्टर...

## बोले- सरकार नहीं मानी तो इमरजेंसी सर्विस भी रोक देंगे



**मुंबई :** मुंबई सहित महाराष्ट्र में नए साल की शुरूआत में इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंच रहे लोगों को आज से थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. दरअसल आज सोमवार सुबह आठ बजे से प्रदेश भर के करीब सात हजार रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर चले गए. डॉक्टर्स का आरोप है कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है. मामले में महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) ने एक बयान में कहा कि हॉस्टल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार से उनकी कई दलीलों को अनसुना करने के बाद उन्हें हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है.

**मुंबई में होगा ज्यादा असर**

मालूम हो कि डॉक्टर अपने कोविड एरियर के भुगतान की भी मांग कर रहे हैं जो एक साल से अधिक समय से लंबित है. मुंबई में, सायन, केईएम, बीवाईएल नायर, आरएन कूपर और सरकारी जेजे अस्पताल के लगभग चार हजार रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल में भाग ले रहे हैं. हड़ताल में शामिल नायर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने कहा, 'हमारी मांग है कि सीनियर रेजिडेंट के लिए नए पद सृजित किए जाएं. सातवें वेतन के अनुसार उन्हें डीए मिले और कोविड एयर का भुगतान किया जाए.'

**आपातकालीन सेवाओं को रोकने की भी धमकी**

मामले में एमएआरडी के अध्यक्ष डॉ. अविनाश दहिफले ने कहा कि सरकार सालों से उचित छात्रावासों के उनके अनुरोधों की अनदेखी करती रही है. उदाहरण के लिए जेजे अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टरों की संख्या बढ़कर 900 हो गई है, लेकिन छात्रावास की सुविधा 300 छात्रों के लिए बनी हुई है. उन्होंने कहा कि सुविधा 90 के दशक से विकसित नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि ऐसे में सोमवार से सिर्फ आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी. मगर अगर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो इसे भी रोका जा सकता है.

**हड़ताल में जारी रहेंगी ये सेवाएं**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉक्टर्स की हड़ताल के दौरान कोविड वॉर्ड, एक्सीडेंट, लेबर रूम, सीटी स्कैन, ब्लड बैंक और अन्य जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी.

# नए साल के जश्न में शर्मसार हरकत

## 12 साल की बच्ची की साथ छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** नए साल के मौके पर देश के हर एक हिस्से में जश्न मनाया जा रहा था। इसके मद्देनजर राज्य सरकारों ने सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए थे। लेकिन इसी बीच मुम्बई से एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, यहां जुहू के एक पांच सितारा होटल में नए साल के जश्न के दौरान 29 वर्षीय एक व्यक्ति ने 12 साल की एक लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला ?**

मुम्बई के एक पांच सितारा होटल में एक 12 साल की लड़की अपने माता-पिता के साथ नए साल का जश्न मनाने आई थी। इसी होटल में 29 साल का आरोपी भी मौजूद था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बच्ची नए साल के जश्न के मौके पर पार्टी लॉन में पहुंची।

वहीं पर बच्ची और आरोपी डांस फ्लोर पर एक साथ थे, तभी आरोपी ने बच्ची को कथित तौर पर गलत तरीके से छुआ। बच्ची ने तुरंत इस बात की जानकारी अपने माता-पिता को दी और माता-पिता ने होटल स्टाफ को जाकर इसकी शिकायत की। पुलिस को अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही होटल स्टाफ उस आरोपी को पकड़ने गए तो आरोपी घटनास्थल से भागने लगा था। होटल स्टाफ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को इस मामले की सूचना दी।

### कई धाराओं के तहत मामला दर्ज...

**मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर शिकायत के आधार पर, भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल) और यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (POCSO) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।**

# 20 वर्षीय विवाहिता ने पंखे से लटककर की आत्महत्या...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 20 वर्षीय एक विवाहिता ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. नारपोली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला ने रविवार को दोपहर में भिवंडी इलाके के मनकोली नाका स्थित अपने घर में कथित तौर पर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली. उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को कब्जे लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया. अधिकारी ने बताया कि महिला के ऐसा कदम उठाने की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है.

# बिहार में हत्या के मामले में फरार युवक महाराष्ट्र से गिरफ्तार,

## एक साल पहले की थी हत्या

**मुंबई :** बिहार से हत्या कर फरार हुआ युवक महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया है। बिहार का रहने वाला युवक पिछले एक साल से फरार चल रहा था। अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी की एक हत्या के मामले में दिसंबर 2021 से फरार 38 साल के एक व्यक्ति को महाराष्ट्र के ठाणे जिले से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल बिहार के भागलपुर जिले के नाथनगर पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज कराई गई थी जिसके आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

**हत्या कर पैसे लेकर फरार हुआ था आरोपी**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिहार के आरोपी जिब्रील जाको पठान ने 14 दिसंबर साल 2021 को एक 27 साल के व्यक्ति इमरान



की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिब्रील जाको पठान ने इमरान की हत्या करने के बाद उसकी मोटरसाइकिल और 10,000 रुपये की नकदी लेकर भाग गया था। निजामपुरा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक नरेश पवार ने कहा कि वह ठाणे के भिवंडी शहर आया था। जहां जिब्रील जाको पठान कई दिनों से अपनी वास्तविक पहचान को छिपाकर भिवंडी शहर में रह रहा था।

### गुप्त सूचना मिलने के बाद ठाणे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ठाणे के पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिहार पुलिस को एक साल से हत्या के आरोप में फरार जिब्रील जाको पठान के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। बिहार पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने के बाद तुरंत ठाणे की पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने आरोपी को पकड़ने के लिए और भिवंडी पुलिस से मदद मांगी थी। जिसके बाद ठाणे पुलिस ने व्यक्ति का पता लगाया और उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी जिब्रील जाको पठान को गिरफ्तार करने के बाद में बिहार पुलिस को सौंप दिया गया है।**

# भ्रष्टाचार की तीन दुकान- उद्धव, कांग्रेस और एनसीपी...

## जेपी नड्डा ने विपक्ष पर किया जोरदार हमला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, एमवीए ने भष्टाचार की तीन दुकानें खोली हैं- उद्धव, कांग्रेस और एनसीपी। हमारे लिए JAM का अर्थ का मतलब, जन धन के लिए 'ख', आधार के लिए 'अ' और मोबाइल के लिए 'ट' है। वहीं MVA सरकार के लिए JAM का अर्थ संयुक्त रूप से धन संग्रह है।

नड्डा ने इस दौरान पालघर में साधुओं पर हुए हमले का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, आपने देखा कि पालघर में साधुओं के साथ कैसा व्यवहार किया गया और हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब के बेटे ने एनसीपी और कांग्रेस के दबाव के कारण मामले की जांच सीबीआई को जांच नहीं सौंपी। नड्डा ने कहा, सीएम शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस राज्य



को विकास के पथ पर ले जा रहे हैं। बता दें, 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा और शिवसेना ने एक साथ मिलकर 48 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें भाजपा ने 23 सीटों पर कब्जा किया था तो वहीं शिवसेना ने 18 सीटों पर जीत कायम की थी। भाजपा की लोकसभा बैठकों के समन्वयक संजय उर्फ बाला भेगड़े ने कहा कि नड्डा सोमवार को चंद्रपुर और मराठवाड़ा क्षेत्र के संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में रैली को संबोधित करेंगे।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सएप नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com